हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 सितंबर 2025

06 ठेकेदार और अधिकारियों की भेंट चढ़ गई पारसडोह...



07 सुख समृद्धि के लिए मातृशक्ति ने की मात महालक्ष्मी ...





## खबर संक्षेप

### भाकिसं प्रशासन को आज सौंपेगा ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम भारतीय किसान संघ के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिसमें सरकार की किसान विरोधी कार्यकलापों के विरोध में हर जिले में भारतीय किसान संघ के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे। भाकिसं सदस्यों ने बताया कि नर्मदा पुरम जिले के भारतीय किसान संघ के समस्त प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सोमवार को पीपल चौक पर एकत्रित होंगे और जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे। भाकिसं संगठन ने जिले भर के किसानों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर ज्ञापन कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए शासन विरोधी नीतियों का विरोध करने में अपनी सहमति दर्ज करायें।

### मेधावी छात्रा को पढ़ाई करने मिली स्कूटी

**नर्मदापुरम।** प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी छात्राओं के लिए चलाई जा रही स्कूटी योजना छात्र जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से छात्राओं को आवागमन की सुविधा तो प्राप्त हो ही रही है, साथ ही उनकी पढ़ाई के लिए बहुमूल्य समय की भी बचत हो रही है।

---

विधि कॉलेज बनकर तैयार, फिनिशिंग बाकी

# संभाग स्तर पर करोड़ों की लागत से हो रहे भवन निर्माण, मिलेगा लाभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

शासन द्वारा संभाग में करोड़ो रूपयों की लागत से कई अहम निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं जिनमें जनपद भवनों का निर्माण और पहला शासकीय विधि लॉ कालेज शामिल हैं। नर्मदापुरम संभाग मुख्यालय पर पहला सरकारी विधि (लॉ) कॉलेज भवन बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही नए भवन का लोकार्पण होगा। इसके बाद छात्र-छात्राएं अपने खुद के कॉलेज कैंपस में कानून की पढ़ाई कर सकेंगे। भवन के लोकार्पण और शिफ्टिंग को लेकर रविवार को लीड कॉलेज में बैठक हुई। इसमें लीड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन, लॉ कॉलेज प्राचार्य कल्पना चंसौरिया और पीआईयू के अधिकारी मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन को अगले सप्ताह तक भवन हैंडओवर किया जा सकता है।

संभाग सहित जिले में एक बेहतर व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा कालेज एवं भवनों का निर्माण कराया जा रहा है।




### निर्माण कार्य पहुंचा अंतिम चरण में

पीआईयू के एसडीओ राकेश कास्दे ने बताया कि बुधवाड़ा में 5.77 करोड़ रुपए की लागत से यह भवन तैयार हुआ है। एप्रोच रोड और फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है और हैंडओवर की तैयारी चल रही है। साल 2022 में जिले को लॉ कॉलेज की सौगात मिली थी। तब से कॉलेज पीएम श्री नर्मदा कॉलेज के परिसर से संचालित हो रहा था। यह नर्मदापुरम संभाग का पहला शासकीय लॉ कॉलेज है, जिसे अब स्वयं का भवन मिलेगा।

### इधर जिले में 2 और संभाग में 5 जनपद भवन स्वीकृत

शासन द्वार आम लोगों को सुविधा और प्रशासनिक व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए 5.25 करोड़ की लागत से संभाग में 5 जनपद पंचायत भवन स्वीकृत किये गये हैं। जिनमें माखनगर, बनखेड़ी, हरदा जिले में खिरकिया और टिमरनी तथा बैतूल जिले के मुलताई में एक स्वीकृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन कार्यों की निविदाएं भी खोली जा चुकी है। तथा जल्दी ही सभी पांचों जनपद पंचायत भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। बताया जाता है कि उक्त जनपद भवनों में सभी तरह की सुविधाएं होंगी। तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुख्ता इंतजाम किये गये हें। जनपद पंचायत भवनों में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि आम नागरिकों को अपने कार्य कराने के लिए किसी बात की समस्या न आए और सभी कार्य एक ही स्थान पर आसानी से हो सके। उक्त भवनों से आम नागरिकों सहित शासकीय कर्मचारियों को भी काम करने के लिए एक बेहतर भवन मिल सकेगा ताकि वे अच्छे वातावरण में कार्य संपादित कर सकें।

### ग्राम बुधवाड़ा में मिली 4 एकड़ भूमि

लॉ कॉलेज प्रबंधन को बुधवाड़ा में 4 एकड़ जमीन प्रदान की गई है। ग्राउंड फ्लोर पर 6 क्लासरूम, लाइब्रेरी रूम, स्टॉफ रूम और प्राचार्य कक्ष बनाए गए हैं। भविष्य में फर्स्ट फ्लोर का निर्माण भी होगा। कॉलेज प्राचार्य कल्पना चंसौरिया ने बताया कि भवन पूरी तरह से तैयार है, केवल कुछ छोटे काम बाकी हैं। भवन हैंडओवर होते ही लोकार्पण की तारीख तय कर दी जाएगी। फिलहाल अभी विभाग द्वारा कार्य पूर्ण होने का इंतजार कर रहा है।

---

# अब तक 2335 चालान कर 7 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

**जिले में जारी है सड़क सुरक्षा अभियान**



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में 6 अगस्त 2025 से सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है एवं नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिले भर में अब तक कुल 2335 चालान बनाए गए हैं, जिनसे 7 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। अभियान के दौरान आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आरटीओ एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा कुल 224 निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए, जिसमें आरटीओ द्वारा 118 एवं यातायात पुलिस द्वारा 106 हेलमेट प्रदान किए गए। अभियान का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है, सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट उपयोग की संख्या बढ़ी है। उल्लेखनीय है कि अभियान शुरू होने के बाद से अब तक जिले में 1857 हेलमेट का विक्रय विभिन्न माध्यमों से हुआ है, जिसमें 785 पेट्रोल पंपों से, 775 डीलर शोरूम से, 204 पुलिस एवं कैंटीन से तथा 93 अन्य दुकानों से बेचे गए। इसके अतिरिक्त 22 सितम्बर तक प्रदेशव्यापी विशेष सड़क सुरक्षा अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नागरिकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

---

# थमा बारिश का दौर, अब तक हुई 1277.1 मिमी वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

जिले में अब बारिश का दौरी थम गया है। पिछले 12 घंटों में बारिश नहीं हुई हालकि दिन में थोड़ी देर के लिए बादल काले बादल नजर आए लेकिन बिन बरसे ही चले गये और दिन भी धूप निकली। वहीं लोगों को दिन में उमस और गर्मी का अहसास भी हुआ। फिलहाल जिले में अब तक 1277.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1197.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 13 सितम्बर से 14 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी 1.0 मिलीमीटर, माखननगर में 7.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 3.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 25.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 9.8 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.80 फीट है, तवा जलाशय का 1165.80 फीट है, बरगी जलाशय का 422.50 मीटर दर्ज किया गया है।

---

# इटारसी में हुआ 'नमो फिट इंडिया' साइकिल रैली का आयोजन, एसडीएम ने बढ़ाया उत्साह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

इटारसी में 'नमो फिट इंडिया – संडेज़ ऑन साइकिल' अभियान के तहत रविवार 14 सितम्बर को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों से 400 से अधिक साइकिलिस्टों ने भाग लेकर फिटनेस और स्वास्थ्य का संदेश दिया।

आयोजन में एसडीएम टी. प्रतीक राव, आईएएस स्वयं भी साइकिल रैली में शामिल हुए और पूरे 3.5 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके नेतृत्व और सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान रैली के सफल संचालन में सीपीई इंडियन आर्मी, एवं शासकीय विभागों, पुलिस प्रशासन नगर पालिका कार्यालय का भी विशेष सहयोग रहा।




आयोजन की जिम्मेदारी भोपाल जिला साइक्लिंग एसोसिएशन ने निभाई। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजन में टी-शर्ट, रिफ्रेशमेंट, जुम्बा डांस, एक्शन फ़ोटोग्राफ्स और सबसे महत्वपूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विशाल रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

---

# एक पंखा पितृ के नाम जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय स्कूलों को भेंट किए पंखे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में एक पंखा पितृ के नाम जागरूकता अभियान के तहत शासकीय शालाओं में पंखे वितरित किए गए। यह अभियान जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल के नेतृत्व में शुरू किया गया है। जिसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र केसला से रत्ना सोनिया केसला, शालीन दास केसला एवं जगत गौर द्वारा तहसीलदार इटारसी एवं जन प्रतिनिधियों से सम्पर्क कर शासकीय शालाओं में पंखा भेंट देने




हेतु योजना पर चर्चा की, जिसके लिए इस पुण्य कार्य में पंखे भेंट हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई। जनपद शिक्षा केंद्र केसला के तत्वाधान में एसडीएम टी प्रतीक राव द्वारा जन शिक्षा केंद्र पथरौटा की प्राथमिक शाला नयाखेड़ा से केसला विकास खंड की शासकीय शालाओं में 10 पंखें वितरित किये। शालाओं हेतु 04 पंखे एसडीएम टी प्रतीक राव, 02 पंखे तहसीलदार शक्ति सिंग तोमर, 1 पंखा बीआरसी केसला, 01 पंखा सुषमा मौर्य, 01 पंखा विद्या रैकवार द्वारा भेंट किये गये।

---

# डांडिया, रामलीला व दुर्गोत्सव समितियां अब अस्थाई कनेक्शन लेकर ही कर सकेंगे साज सज्जा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दर्गोत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन आवश्यक रूप से लेकर ही करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार (22 सितंबर) तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए माकूल प्रबंध किए हैं।

जिले की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उत्ल्लास, तन्मयता और परम्परानुसार मनाएं साथ ही पण्डाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल झाँकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें।

विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें।

---

# युवाओं ने नर्मदा के घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

जय हो सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 269वां सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से विवेकानंद घाट क्षेत्र में श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया गया। समिति के सदस्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आमजन को भी घाट को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्य गण शामिल रहे।

---

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 2028 प्रकरणों का निराकरण, 13 करोड़ 54 लाख के अवार्ड पारित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में गत शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन



न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु 26 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। जिनके द्वारा न्यायालयों में रखे गये कुल लंबित प्रकरण 950 में से 902 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं राशि 12,24,11,865/- (बारह करोड़ चौबीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ पैसठ रुपये मात्र) का अवार्ड पारित किया गया।विभिन्न विभागों से संबंधित कुल प्रीलिटिगेशन 1147 प्रकरण रखे गये थे, जिनमें से 1128 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें 1,30,84,697/- का अवार्ड पारित किया गया तथा 2099 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

---

# नर्मदापुरम में युवाओं ने जताया भारत-पाक क्रिकेट मैच का विरोध



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

नर्मदापुरम में एशिया कप 2025 सीरीज का रविवार को दुबई में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहला इंटरनेशनल मैच है। इस मैच का कई शहरों में विरोध प्रदर्शन भी हो रहा है। कुछ लोग भारत पाक के मैच का विरोध कर रहे है। शाम 5.30 बजे टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर नर्मदांचल यूथ क्लब ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर बिछाकर और एलईडी टीवी तोड़कर विरोध किया। युवाओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और बीसीसीआई के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाए। करीब 10 मिनट तक यह प्रदर्शन चला। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले और 7 मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये पहला मौका है, जब दोनों भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने होंगी।

---

**डिजिटल दुनिया इन्फ्लुएंसर संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# डिजिटल दुनिया विचारों की युद्धभूमि है, जहां से भारत का हित और अहित दोनों प्रभावित होते हैं : कैलाश चंद्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला नर्मदापुरम द्वारा रविवार को डिजिटल दुनिया इन्फ्लुएंसर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, ब्लॉगर, पेजमेकर, कंटेंट क्रिएटर और एक्टिविस्ट बड़ी संख्या में जुड़े। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शताब्दी वर्ष व हिंदी दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुई। क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र ने डिजिटल दुनिया को "सामाजिक परिवार" बताते हुए कहा कि इसमें सुख-दुख साझा होते हैं और इसका उद्देश्य देश-समाज-राष्ट्र की बात करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल दुनिया विचारों की



युद्धभूमि है, जहाँ से भारत का हित और अहित दोनों प्रभावित होते हैं।कैलाश चंद्र ने संघ की स्थापना, कार्यप्रणाली और शताब्दी वर्ष से जुड़े पंच परिवर्तन, नागरिक कर्तव्य, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वबोध और पर्यावरण संरक्षण—पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघ व समाज मिलकर पंच परिवर्तन के काम को गति दें ताकि डिजिटल युग में व्यापक बदलाव लाया जा सके।इस अवसर पर कौशलेश तिवारी, संतोष नौरिया, मनोज राय और संजय डोर उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि कंटेंट क्रिएटरों को अपनी रचनाओं में वेल्यू एडिशन करना चाहिए। ताकि समाज पर सकारात्मक असर पड़े और नकारात्मक प्रवृत्तियों का रचनात्मक प्रतिकार हो सके।संवाद में इन्फ्लुएंसरों की समाज जागरण और सांस्कृतिक जीवन मूल्य को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। संचालन रामभरोस मीना ने किया और आभार राजेंद्र गिरी ने व्यक्त किया। विशेष रूप से फेसबुक प्रमुख सुशील खत्री, इंस्टाग्राम प्रमुख अंशुल गौर और यूट्यूब प्रमुख कमलेश सन्तोर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।संवाद की खास बातें"राष्ट्र प्रथम" भावना को डिजिटल दुनिया पर बढ़ावा देने पर जोर। डिजिटल दुनिया को विचारों की युद्धभूमि और सामाजिक परिवार बताया गया।

---

# भाजपा नर्मदापुरम नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम नगर मण्डल द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नर्मदापुरम मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की प्रस्तावना मण्डल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने रखी एवं सागर शिवहरे ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला कोषाध्यक्ष एवं आत्मनिर्भर भारत जिला संयोजक लोकेश तिवारी ने मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े से जुड़े समस्त कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री महेश बाबरिया ने किया एवं आभार मंडल महामंत्री विकास राठौर ने किया। बैठक के दौरान मंडल वरिष्ठ पदाधिकारी केशव उर्मिल के बड़े स्व. बद्री विशाल उर्मिल के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

## खबर संक्षेप

### 17 को अटल सेना सौंपेगी ज्ञापन

**बैतूल।** वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन हर माह 15 सौ रुपए दिया जाए एवं समस्त विकलांग पेंशन बहु विकलांग पेंशन 3 हजार महीने हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इसी मांग को लेकर अटल सेना के बैनर तले 17 सितम्बर को दोपहर 1 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक से बैतूल कलेक्टर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि साथ ही हमारी मांग है कि विकलांगों और बुजुर्गों को पूर्व की तरह मनीआर्डर द्वारा घर पहुंच पेंशन दी जाए। जो चल नहीं सकते हैं जो बीमार है जो बिस्तर पर ही पड़े हैं ऐसे लोगों को मान्यता द्वारा दिया जाए। जिनके थंब प्रिंट नहीं आ रहे हैं ऐसे व्यक्ति को बैंक के द्वारा उनके घर पहुंच सेवाएं प्रदान की जाए। संगठन ने अपील की है कि इन मांगों को लेकर 17 तारीख को 1 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक पर सभी हितग्राही अपने अधिकार, समस्या के लिए व पेंशन में बढ़ोतरी के लिए समय पर पहुंचें।

### बैतूल में मजदूर की संदिग्ध मौत

**बैतूल।** बैतूल के गंज थाना क्षेत्र के मांझी नगर में एक मजदूर की छत से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मनोज पिता जीवन सिहार के रूप में हुई है। मनोज निर्माण स्थलों पर सेंटरिंग का काम करता था। घटना के समय मनोज का बेटा काम पर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी दो बहनें मौजूद थीं। पुलिस और परिजनों के अनुसार, शाम को मनोज ने शराब पी थी और इसके बाद छत पर गया। वहां से वह कैसे गिरा, इसका पता नहीं चल पाया। गंभीर हालत में मनोज को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। मर्ग डायरी गंज पुलिस को भेजी जा रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है कि यह हादसा था या किसी और कारण से मौत हुई है।

### पितृ तर्पण व भागवत कथा आज से

**बैतूल।** मां माचना तट पर सोमवार प्रातः 10 बजे मां माचना का पूजन पश्चात पितृ तर्पण व श्रीमद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। कलश यात्रा प्रातः 10 बजे जो प्राचीन माता मंदिर, शंकर नगर होते हुए माचना तट ग्रीन सिटी फिल्टर प्लांट पहुंचेगी। कथा आयोजन समिति के आनंद प्रजापति ने बताया कि कथा का वाचन पंडित सुखदेव शर्मा द्वारा किया जाएगा। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। समिति ने सभी से 21 सितम्बर तक चलने वाली कथा लाभ लेने का आग्रह किया है।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 4 मिमीऔसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 861.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 945.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 14 सितंबर को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 4.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 14 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.2, घोड़ाडोंगरी में 2.0, चिचोली में 3.1, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 11.0, प्रभात पट्टन में 3.2, आमला में 0.0, भैंसदेही में 6.0, आठनेर में 14.3 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कोल माइंस सेवानिवृत कर्मचारियों की बैठक आज

**बैतूल।** कोल माइंस सेवानिवृत कर्मचारी संघ एचएमएस जिला बैतूल की मासिक बैठक सोमवार को सुबह 11 बजे से शहीद भवन में आयोजित की जा रही है। बैठक में रिवाइज्ड पीपीओ सदस्यता वर्ष 2025-26, माह नवंबर में बनाए जाने वाले जीवित प्रमाण पत्र और 6 सूत्रीय मांग पत्र पर विशेष चर्चा की जाएगी। इस बैठक में संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य महत्वपूर्ण निर्णयों व दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। संघ के महामंत्री डीआर झरबडे ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन और भत्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालना और भविष्य में आने वाली परेशानियों से सदस्यों को समय रहते अवगत कराना है।

---

382.29 करोड़ लागत, 9 वर्ष बीते, फिर भी खेत सूखे

# ठेकेदार और अधिकारियों की भेंट चढ़ गई पारसडोह सिंचाई परियोजना





असलम अहमद ▶▶ मुलताई

ताप्ती पर बनी मुलताई क्षेत्र की महत्वाकांक्षी पारसडोह सिंचाई परियोजना जो 382.29 करोड़ लागत से बांध कार्य 1 वर्ष में एवं नहर कार्य 3 वर्ष में पूर्ण होना था, आज 9 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच सका है। जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है।

पारसडोह बांध के ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिलीभगत के चलते यह महत्वाकांक्षी परियोजना बंटाधार योजना बनकर रह गई है। जिसको लेकर हाल ही में स्थानीय भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने क्षेत्र के किसानों के साथ सिंचाई अधिकारियों से मिलकर अपना विरोध जताया है। जानकार बताते हैं कि जो योजना लगभग 3 वर्ष में पूर्ण होकर किसानों के लिए वरदान साबित होना था, ठेकेदारों से मिलकर अधिकारी शासन को गलत जानकारी देकर बगैर पेनल्टी के ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए बांध निर्माण की समय सीमा बढ़ा रहे थे और यहां तक की समय सीमा बढ़ाने को लेकर विधानसभा तक में गलत जानकारी दे रहे थे। क्या इस मामले की निष्पक्ष जांच होकर ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई हो पाएगी। और यह स्थिति मात्रा पारसडोह सिंचाई परियोजना की नहीं है, बल्कि क्षेत्र की दूसरी बड़ी परियोजना वर्धा भी अधिकारी और ठेकेदारों की मनमानी की भेंट चढ़ रही है। वर्धा में भी दशकों से मुलताई सिंचाई विभाग में जमे एसडीओ कार्य पूर्ण करने के बजाय समय अवधि बढ़ा रहे हैं।

### पारसडोह बांध को जनवरी 2016 में मिली थी वित्तीय स्वीकृति

ताप्ती नदी पर पारसडोह बांध निर्माण की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा 12 जनवरी 2016 को दी गई थी। सिंचाई अधिकारियों ने 14 जनवरी 2016 को कार्य प्रारंभ होना बताया। बांध निर्माण की समय अवधि एक वर्ष थी जबकी पारसडोह बांध 7 सितंबर 2018 को पूर्ण होना बताया गया। नहर कार्य को 10 जून 2020 को संपूर्ण कार्य पूर्ण होने की जानकारी दे दी गई। इधर विभाग कार्य पूर्ण होने की बात कह रहा है और दूसरी ओर किसान कार्य को अपूर्ण बताकर अपने खेतों में पानी पहुंचने की बाट जोह रहे हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट ने कोरोना काल के कारण बगैर पेनल्टी के समय सीमा बड़ा जाने की जानकारी दी थी यहां उल्लेखनीय है जिस बांध का संपूर्ण कार्य 2019 तक पूर्ण होना था उस कार्य की समय अवधि कोरोना के चलते 2020 मे बढ़ाई गई। भारत में कोरोना का पहला मरीज 30 जनवरी 2020 मिला था और 30 जनवरी 2022 तक 107 बिलियन लोगों को कोरोना टीका लगा चुका था। आज भी पारस जो नहर का कार्य किसानों के अनुसार अपूर्ण है और सिंचाई विभाग कार्य को पूर्ण बताकर अपूर्ण कार्यों का दोष किसानों को दे रहे हैं।

### बांध बना लेकिन पानी किसानों तक नहीं पहुंचा : देशमुख

पारसडोह बांध बनेगा तो खेतों में पानी होगा, फसल लहलहाएगी। लेकिन बांध तो बना, किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंचा। इसकी पूरी बुराई मुझे झेलना पड़ रहा है। ऐसा लगता है यह योजना क्षेत्र के लिए बेकार हो गई। ठेकेदार की लापरवाही के कारण इतने किसान परेशान है और इसके लिए विभाग की भी जवाबदारी है। विभाग क्यों सोया रहा, अधिकारी क्यों डरते रहे यह उनकी भी जवाबदारी थी।

**इनका कहना है...**

मैं मौके पर जाकर देखूंगा। अभी मैं किसी को दोषी नहीं ठहरा सकता। सारी लड़ाई खेतों में पानी पहुंचाने की है। मैं जाकर देखूंगा और कागजों पर नहीं, बल्कि मौके पर सुधार के प्रयास करूंगा।

**सीएल मरकाम**, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग मुलताई

---

आपदा प्रबंधन पर जागरूकता बैठक

## आपदा से निपटने नगर परिषद में गठित किए दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा/शाहपुर

सतपुड़ा जनजागृति समिति के तत्वावधान में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के सहयोग से नगर परिषद शाहपुर में आपदा प्रबंध जागरूकता अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष रोहित विक्की नायक द्वारा की गई। इस दौरान समिति अध्यक्ष विजय राम में आपदा प्रबंधन की आवश्यकता और इसकी सामाजिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, आंधी, भूकंप, अग्निकांड आदि अचानक घटित होती है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यदि समय रहते प्रशिक्षण प्राप्त दल तैयार किए जाएं, तो किसी भी आपदा के दौरान नगर स्वयं अपनी-अपनी रक्षा कर सकता है। कार्यक्रम के सहयोगी आशुतोष कैप्स ने बताया कि संस्था द्वारा ग्राम स्तर पर विशेष दलों को गठन किया जाएगा। इसमें चेतावनी दल, खोज दल एवं बचाव दल, प्राथमिकता उपचार दल, राहत एवं पुनर्वास दल, सुरक्षा एवं समन्वय दल शामिल होंगे। प्रत्येक दल को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। दल समय पर सूचना प्रसारित करेगा। प्राथमिकता उपचार दल घायलों को तत्काल मदद देगा। खोज एवं बचाव दल प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम करेगा। नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती पम्मी छोटे राठौर ने संस्था की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नगर स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से नगरवासी और समाज अधिक से अधिक जागरूक एवं सक्षम बनेगा। पार्षद कमलेश प्रजापति ने कहा कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा। नगरवासियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वास्तविक आपदाओं की स्थिति में नगर परिषद आत्मनिर्भर होकर प्रशासन की मदद से प्रभावी कार्य कर सके।

---



समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे किसान

## बद से बदतर हो गई ग्राम देव भिलाई से बगोड़ा की सड़क

**मुलताई।** क्षेत्र में वर्षा काल प्रारंभ होते ही बदहाल सडक़े किसानों के लिए भारी कठिनाई का सबब बन जाती है। कुछ सडक़ों की स्थिति तो ऐसी है की पैदल चलना तक दुश्वार है इसका उदाहरण है ग्राम देव भिलाई से बगोड़ा सडक़। ग्राम भगोड़ा को पट्टन मूख्य मार्ग से जोडऩे वाली यह प्रमुख सडक़ है जो की वर्षा काल में पूरी तरह से गायब हो गई है और इसके स्थान पर सिर्फ दलदल ही दलदल दिखाई देता है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। समाज सेवी जनार्दन पाटील, विनोद पाटिल एवं गांव के ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम बगोड़ा से लेकर पट्टन तक दर्जनो ग्रामों को जोडऩे वाली यह मुख्य सडक़ की हालत बद से बदतर होती जा रही है जिससे किसानों को मजदूरों को खेतों में जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसानों का कहना है कि खेतों से अपने फसल को भी निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों ने सडक़ निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पट्टन तहसील प्रभात पट्टन और अधिकारियों तक आवेदन निवेदन किया गया परंतु ग्रामीणों की परेशानियों का समाधान नहीं हो रहा ग्राम बघोडा और ग्राम देव भिलाई के ग्रामीण शासन से नाराज है। शासन द्वारा तत्काल संज्ञान लेना चाहिए जिससे ग्रामीणों को हो रही असविधा का समाधान हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि बदहाल सडक़ की स्थिति को लेकर ग्रामीणों में रोष है जिसको लेकर बैठकों का दौर जारी है शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे।

### मांडू नदी में डूबा 17 साल का किशोर, रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी

**बैतूल।** एमपी-महाराष्ट्र सीमा पर बहने वाली मांडू नदी में रविवार को महाराष्ट्र का एक किशोर बह गया। किशोर की पहचान कुणाल बागड़े (17) के रूप में हुई है, जो महाराष्ट्र के मोरछी गांव का रहने वाला था। वह अपने दो दोस्तों के साथ बैतूल के सालबर्डी घूमने आया था, जहां नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गया। मांडू नदी में इन दिनों तेज बहाव और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी परेशानी आ रही है। माना जा रहा है कि किशोर नदी के तेज बहाव में काफी दूर तक बह गया होगा। बैतूल के आठनेर थाना पुलिस और एसडीआरएफ टीम, साथ ही महाराष्ट्र के अमरावती से पहुंची रेस्क्यू टीम मिलकर कुणाल की तलाश में जुटी हैं। लेकिन सुबह से जारी सर्च ऑपरेशन के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। कुणाल के साथ आए दोस्तों ने सबसे पहले महाराष्ट्र के मोरछी थाने और फिर रात को बैतूल के आठनेर थाना पहुंचकर जानकारी दी। इस पर एसडीआरएफ को तुरंत मौके पर भेजा गया। आठनेर थाने के एएसआई राज पहाड़े ने बताया कि मौके पर एएसआई संतोष चौधरी के नेतृत्व में टीम भेजी गई है। लेकिन क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण रेस्क्यू टीम से संपर्क भी मुश्किल हो रहा है। महाराष्ट्र के पीएसआई राहुल आठवले ने बताया कि किशोर की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज की जा चुकी है। नदी के बहाव को देखते हुए सावधानीपूर्वक तलाश की जा रही है। दोनों राज्यों की टीमें संयुक्त प्रयासों से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

## केंद्रीय विद्यालय में हिंदी पखवाड़े की हुई शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

केंद्रीय विद्यालय सारनी में हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत हर्षोल्लास से हुई। हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। यह आयोजन भाषा के प्रति जागरूकता और हिंदी भाषा की महत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बहुत ही रोचक भाषा संगम कार्यक्रम से हुई, जिसमें कक्षा तृतीय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

बच्चों ने भारतीय भाषाओं के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात कक्षा पाचवीं की छात्रा तिशिता ने हिंदी दिवस पर भावपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया। तिशिता ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदी मात्र एक भाषा नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। कार्यक्रम में इंद्रपाल सिंह चौहान द्वारा कविता पाठ भी किया गया, जिससे वातावरण अत्यंत भावविभोर हो गया। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा राशि सिंह ने हिंदी भाषा के महत्त्व पर आधारित एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया, जिसे सभी उपस्थितजन ने खूब सराहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समापन भाषण दिया। प्रधानाचार्य ने हिंदी भाषा की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच संचालन हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक मनराज मीना द्वारा किया गया। पखवाड़े के अवसर पर हिंदी जागरूकता रैली भी आयोजित की गई, जो सारनी के स्थानीय क्षेत्र में निकाली गई। रैली में शिक्षक-छात्र गण बड़े उत्साह से भाग लिए और लोगों को हिंदी के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक ब्रजेश वर्मा, हिंदी शिक्षक कृष्ण मुरारी एवं अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

कालापाठा बुद्ध विहार में हुई बौद्ध सभा, धम्म कारवां को मिली गति

## बुद्ध के विज्ञानवादी सिद्धांत से ही राष्ट्र प्रगति संभव : जसवंती चौकीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय संरक्षक महाउपासिका मीरा ताई अंबेडकर के धम्म कारवां को गतिमान करते हुए जिला शाखा बैतूल द्वारा रविवार 14 सितंबर को कालापाठा बुद्ध विहार बैतूल में जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी उपस्थित साथियों ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कर नमन-वंदन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय मुंबई द्वारा निर्धारित विषय बौद्ध धम्म की विशेषताएं पर तहसील बैतूल की महासचिव धम्म उपासिका आयु जसवंती चौकीकर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि बुद्ध का धम्म पूर्णतः विज्ञान पर आधारित है और भगवान बुद्ध के विज्ञानवादी सिद्धांत राष्ट्र के विकास में पूर्णतः सहायक हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आयु



17 सितंबर को होगा धरना-प्रदर्शन, कलेक्टर-एसपी को सौंपेंगे ज्ञापन

चरनदास ढेंगरे के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2025 को अनागारिक धम्म पाल की जयंती, पेरियार रामास्वामी नायकर की जयंती और भैया साहब अंबेडकर की स्मृति दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह धरना महाबोधि विहार के समर्थन में होगा। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर कपड़ा बांध कर किए गए असामाजिक व अपराधिक कृत्य पर अब तक कोई कार्रवाई न होने पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।

---

नेशनल लोक अदालत में पहली बार टैक्स भरने में बकायेदारों की बढ़ी रुचि

# सीएमओ के एक्शन पर बकायेदारों का रिएक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला




बीते कई वर्षों से खस्ताहाल माली हालत से जूझ रही नगर पालिका आमला के लिए यह खुशी की बात है, जब यहां बीते शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में 12 लाख से ज्यादा की राशि नपा के खजाने में बकायादारों के द्वारा जमा की गई है। ऐसा पहली बार देखा गया कि टैक्स चुकाने के लिए लोक अदालत में लोगों की लंबी लाइन लगी रही और यह सब संभव हो सका है, नपा के नवागत सीएमओ नितिन बिंजवे के प्रयासों से।

बीते माह जब यहां उन्होंने कार्यभार संभाला था, तब नपा की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए सीएमओ ने सबसे पहले नपा के खाली खजाने को भरने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया और शहर के तमाम बकायादारों को, जो नपा में किसी भी तरह का कोई टैक्स जमा नहीं कर रहे थे, इस ओर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया और सीएमओ के इन प्रयासों का सुखद परिणाम भी यह निकला कि महज एक पखवाड़े के अंदर नपा के राजस्व में दो गुनी वृद्धि दर्ज की गई है, जो नपा की खस्ताहाल हो रही माली हालत के लिए एक अच्छा संकेत है। नपा के राजस्व प्रभारी अखिलेश राजनेगी ने बताया है कि नपा में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में 12 लाख रुपए से ज्यादा का टैक्स जनता के द्वारा जमा किया गया है। जबकि इससे पहले के शिविरों में अमूमन 5 लाख से ज्यादा की राशि कभी भी जमा नहीं की गई, हालांकि अभी भी लगभग आधा करोड़ से ज्यादा की राशि पूरे शहर में लोगों से कर के रूप में लिया जाना बाकी है।

### नपा अधिकारी के फ्लेक्स, बैनर प्लान से बढ़ी जागरूकता

इधर पिछले दिनों सीएमओ द्वारा बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाने के लिए शहर में मात्र एक फ्लेक्स लगाया गया था, जिसे महज कुछ घंटों में ही नपाध्यक्ष नितिन गाडरे ने निकलवा दिया था, किंतु सीएमओ का यह प्लान बेहद कारगर साबित हुआ है और बकायादारों ने खुद ही अपने तमाम टैक्स की राशि नगर पालिका में जमा कर दी, हालांकि शहर में फ्लेक्स-बैनर पॉलिटिक्स पर खूब चर्चा भी हुई। और यह सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ। किंतु बुद्धिजीवियों का कहना है कि नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ उनके दायित्वों के लिए भी जागरूक करना प्रशासन का ही काम है।

### लोगों ने कहा कि अर्धवार्षिक टैक्स भी जमा करें नपा

इस मौके पर यहां नेशनल लोक अदालत शिविर में पहुंचे नागरिक कोमल राठौर, गुंताबाई, राम पवार, राजेश कुमार आदि लोगों ने कहा कि नगरपालिका को वार्षिक कर जमा करने के साथ-साथ सभी तरह के करो को अर्धवार्षिक फार्मूले से भी जमा करना चाहिए, जिससे लोगों को ज्यादा सुविधा होगी। इसके अलावा यदि नगर पालिका घर-घर जाकर भी टैक्स जमा करे, तो इससे भी जनता को सुविधा मिलेगी। वहीं नपा के राजस्व प्रभारी का कहना है कि नपा के मुख्य अधिकारी के प्रयासों से पहली बार नपा के करदाताओं में जागरूकता बढ़ी है।

## हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता और संस्कृति के प्रतीक : नीरज वर्मा



**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित व ग्रीन आर्मी युवा मंडल बैतूल बाजार के सहयोग से बैतूल बाजार में 14 सितंबर 2025 हिंदी दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम ब्रेनिएक्स इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर नीरज वर्मा, ग्रीन आर्मी युवा मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र पवार के उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चित्रकला निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। चित्रकला निबंध के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व का उल्लेख किया। इस मौके पर नीरज वर्मा ने बताया कि हिंदी दिवस हमें हिंदी के महत्व और हमारी संस्कृति में इसकी भूमिका की याद दिलाता है। यह दिन हमें हिंदी के प्रति जागरूकता और इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित करता है साथ ही हिंदी दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और संस्कृति के प्रतीक के रूप में हिंदी के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि 14 से 28 सितंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी जिसके अंतर्गत चित्रकला, निबंध, रंगोली, वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसका समापन 28 सितंबर को किया जाएगा।

**संक्षेप खबर**

### 15 को आनंद मेला, 17 को विश्वकर्मा जयंती मनेगी

इटारसी। श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी में श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 15 सितंबर को समस्त महिला मंडल द्वारा प्रथम बार आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है। जो ईश्वर रेस्टोरेंट में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। आयोजकों ने सभी नगर वासियों से निवेदन है कि सभी इस आनंद मेला में आनंद लेने सह परिवार अपने सभी ईस्टमित्रों के साथ अवश्य पधारे। साथ ही 17 सितंबर को होने वाले विश्वकर्मा जन्मउत्सव में आप सभी सहपरिवार उपस्थित रहने की बात कही है।

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

**फैमिली गरबा: शहर के विश्वास की परंपरा**

# चौथे साल, पारंपरिक और पारिवारिक माहौल में हरिभूमि गरबा की मचेगी धूम, 26 सितंबर से होगा हरिभूमि गरबा का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि के पावन अवसर पर, हरिभूमि समूह इस साल भी अपने सबसे सफल और लोकप्रिय आयोजन 'एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा' का चौथा संस्करण लेकर आ रहा है। यह आयोजन 26, 27 और 28 सितंबर को प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट खेड़ा इटारसी में होने जा रहा है। पिछले तीन सालों से मिल रहे अपार प्यार और भरोसे ने इस गरबा को इटारसी का सबसे बड़ा पारिवारिक और सुरक्षित आयोजन बना दिया है।

यह आयोजन सिर्फ एक गरबा नाइट नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक खास अनुभव है। हरिभूमि ने हमेशा इस बात का ध्यान रखा है कि यहां हर कोई बिना किसी झिझक के अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हो सके। इसी वजह से यह आयोजन शहर के सबसे प्रतिष्ठित और भरोसेमंद गरबा इवेंट्स में से एक बन गया है।

#### पारंपरिक गरबा का असली रंग

हरिभूमि का यह गरबा उन लोगों के लिए है जो गरबा की पारंपरिकता और सात्विक माहौल को पसंद करते हैं। यहां आधुनिक धुनों के साथ पारंपरिक गुजराती गीतों का भी मिश्रण होता है, जो हर उम्र के लोगों को अपनी ओर खींचता है। यह आयोजन एक ऐसा मंच है जहां बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी मिलकर डांडिया और गरबा की धुन पर थिरकते हैं।

हरिभूमि Presents एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा

#### एंट्री पास के बिना नो एंट्री

इस विशेष योजना में प्रवेश प्रीमियम एंट्री पास के माध्यम से ही मिलेगा। दर्शकों और प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, बिना एंट्री पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।


#### लोगों का बढ़ता विश्वास

पिछले तीन सालों में, हरिभूमि फैमिली गरबा ने लोगों का दिल जीता है। इस आयोजन में हर साल प्रतिभागियों और दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि हरिभूमि ने कभी भी अपने वादों से समझौता नहीं किया। 'परिवार के लिए, परिवार के साथ' - यह मंत्र इस आयोजन की सफलता का मूल है।

#### सुरक्षा और सुविधा पर विशेष ध्यान, सीसीटीवी कैमरे से होगी हर तरफ निगरानी

आयोजन स्थल, प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट, शहर के सबसे सुंदर और पसंदीदा स्थलों में से एक है। चारों तरफ से कवर्ड कैंपस, सीसीटीवी कैमरों से लैस परिसर, मेल- फीमेल बाउंसर, आयोजन बोलंटियर्स एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी पूरे आयोजन को सर्वाधिक सुरक्षित बनाती है। शहर के अन्य कोई गरबा आयोजन में परिवारों की सुरक्षा पर इतना ध्यान नहीं रखा जाता। साथ ही गरबा के दौरान आकर्षक रूप से सजाया गया पूरा परिसर और शानदार लाइटिंग गरबा के माहौल को और भी खूबसूरत बना देती है। बता दे कि हरिभूमि ने हमेशा सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता दी है। यहा महिलाएँ और परिवार पूरी तरह सुरक्षित महसूस करते हैं। पार्किंग से लेकर आयोजन स्थल तक, हर जगह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो।

### महाकाली महोत्सव समिति का हुआ गठन



सेमरी हरचंद। माता महाकाली नवरात्र महोत्सव दिव्य पावन अनुष्ठान भव्य और आनंदमय रूप से मनाने की रूपरेखा तैयार करने हेतु रामचंद्र जी पंचायती मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । सर्वानुमति से बृजमोहन पचौरी अध्यक्ष, बृजेश दुबे एवं छगनलाल साहू उपाध्यक्ष, रामेश्वर पटेल संरक्षक, द्वारका प्रसाद कुशवाहा सचिव, मनीष रघुवंशी कोषाध्यक्ष, तरुण अग्रवाल व्यवस्थापक एवं सह- कोषाध्यक्ष, मृदुल नाथ चौहान प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी बनाए गए1 कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से शुरू होगी, घट स्थापना 22 सितंबर 2025 को होगी1 10 दिवसीय कार्यक्रम हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा, समापन अवसर पर कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा1 समस्त कार्यक्रम नगर के प्रकांड विद्वान योगेश पंडित जी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न होगा1 समिति में मुख्य कार्यकर्ताओं में चंदन पटेल, कमल कुशवाहा, राजेंद्र तोमर, सुमित शर्मा, अजय पटेल, प्रवीण पटेल, शोभाराम कुशवाहा, सोनू साहू, रोहित शर्मा, यशवंत दुबे, चिराग अग्रवाल, दक्ष साहू, दिनेश साहू, आशीष साहू, मोनू पटेल, आशीष तिवारी, शिवम पटेल, अर्जुन कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा एवं अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### सांसद चौधरी ने कहा केंद्रीय बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता

# हिंदी दिवस पर शिक्षकों का किया गया सम्मान, सांसद-विधायक हुए शामिल

सोहागपुर में हिन्दी दिवस पर जगह-जगह शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के एक निजी स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर अशासकीय शिक्षक संगठन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के निजी स्कूलों के उन शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है या लंबे समय से शिक्षा सेवा में योगदान दे रहे हैं।

आयोजक अशासकीय शिक्षण संगठन अध्यक्ष संदीप यादव एवं पंडित प्रदीप दुबे ने बताया सम्मान स्वरूप शिक्षकों को शील्ड व 'एक पेड़ मां के नाम"' अभियान के तहत पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और प्राइवेट संस्थान भी शिक्षा जगत में अहम योगदान दे रहे हैं, जिन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि अशासकीय संस्थानों के शिक्षक भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने घोषणा की है कि क्षेत्र में एक बड़ा हाल बनाया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइब्रेरी एवं बच्चों के अध्ययन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने शिक्षकों से उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान करते हुए बेहतर रिजल्ट की अपेक्षा जताई और सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक ने आचार्य अमरीश गोस्वामी द्वारा लिखित पुस्तिका का विमोचन भी किया। अध्यक्ष संदीप यादव ने सभी अतिथियों, विद्यालय संचालकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, आकाश रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, स्कूल संचालक प्रदीप दुबे, घनश्याम यादव, धनीराम मौर्य, संदीप साहू, धनराज तिवारी, कमलेश साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजक संस्था अध्यक्ष संदीप यादव के अनुसार यह समारोह शिक्षकों के मनोबल को ऊंचा उठाने वाला और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को नई पहचान देने वाला रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सोहागपुर ब्लाक अंतर्गत सोहागपुर, सेमरी हरचंद तथा शोभापुर के निजी विद्यालयों के 40 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया है।

#### एसजेएल स्कूल के वर्ष 1993 के बैच ने किया तत्कालीन शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह



सोहागपुर। किसी समय सोहागपुर में सरदार ज्वाला सिंह लद्धा सिंह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हुआ करता था। जो बाद में सीएम राइज और अब सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाना जाता है। उक्त विद्यालय के सन 1993 के बैच के विद्यार्थियों ने गत दिवस तत्कालीन स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। नगर के सांदीपनी स्कूल में कम्युनिटी मोबिलाइजेशन कार्यक्रम के अंतर्गत यह मित्र मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें तत्कालीन तत्कालीन स्थिति में सेवारत एवं वर्तमान में सेवानिवृत हो चुके शिक्षक सम्मिलित हुए। वर्ष 1993 में कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के इस बैच के द्वारा पिछले कुछ वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजन करने की परंपरा डाली है। कार्यक्रम के अमूर्त विचार को मूर्त रूप देने में सहभागी रहे प्रशांत बसेड़िया ने बताया कि सभी पुराने सहपाठी मित्र एकजुट हुए एवं यह कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्ष 1993 बैच के विद्यार्थी प्रशांत बसेड़िया, पुष्पराज पटेल, सोहेल समद, सुरेंद्र रघुवंशी, प्रवीण चौधरी, रीतेश अग्रवाल, अमित परसाई, रामस्वरूप रघुवंशी, जीवन दुबे, दीपेश रघुवंशी, आरके दुबे, नीलेश खंडेलवाल, एकम सिंह राजपूत, नितिन वर्मा आदि ने सहयोग किया।

## स्कार्पियों वाहन चालक ने मारी टक्कर, 2 गोवंश की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

बीती रात सोहागपुर-पिपरिया मार्ग पर स्कॉर्पियो वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। वहीं स्कॉर्पियो ने कुछ देर बाद दो मवेशियों को भी टक्कर मारी, जिससे मवेशियों की मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज किया गया है।

सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी वरुण उर्फ हरिओम पिता विशाल सिंह पुर्विया निवासी मनकापुर थाना भारकच्छ जिला रायसेन ने सोहागपुर थाने में सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 बीसी 6798 के चालक विवेक गुर्जर निवासी चंदेरी थाना सोहागपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट अनुसार फरियादी गत रात्रि करीबन 9:15 बजे अपने दोस्त जितेंद्र ठाकुर के साथ कार में पिपरिया से अपने घर मनकापुर थाना भारकच्छ जिला रायसेन जा रहे था। जब वे कार से अजनेरी चौराहा ग्राम महुआ पहुंचे तभी शोभापुर तरफ से स्कार्पियो वाहन के चालक के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर कार में टक्कर मार दी। जिससे फरियादी व उसके साथी को चोंटे आई हैं। फिर उक्त वाहन का चालक अपनी कार को भगाकर आगे ले गया, पीछा करने पर सतपुड़ा राइस मिल के सामने रानी पिपरिया में दो गौवंश को टक्कर मार दी, जो मौके पर ही खत्म हो गई,। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा स्कॉर्पियो वाहन चालक के विरुद्ध 281,125 ए, 325 भारतीय न्याय संहिता 2023 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हिंदी साहित्यपरिषद ने मनाया अपना स्थापना दिवस




पिपरिया। नगर की बरसों पुरानी हिंदी साहित्य परिषद संस्था के द्वारा मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश भार्गव ने बताया कि देशके प्रसिद्ध सहित्यकार खड़ी बोली के लिए जाने जाते हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र के सम्मान में आयोजित किया गया।इस वर्ष संस्था ने ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है। व्यंगकारो को भी आमंत्रित किया गया। प्रिय दर्शी खैरा, सुरेश पटवा, राममोहन चौकसे,शिवांश सरल को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल ने की तथा मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी,मंच संचालन दीक्षा व्यास ने किया। व्यंग कारों की कविताओंसे लोग का मन प्रफुल्लित हुएप्संस्था प्रमुख से लेकर सभीलोग शामिल हुए। पिंकी राठी, मनोज रावत, विनीत शर्मा, रमेश कुमार, हर्ष लता राजपूत, कैलाश सराठे सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## शास उमावि शिवपुर में मनाया गया उमंग उत्सव थाना प्रभारी विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद




गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर में उमंग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के विद्यार्थियों से खेल गतिविधियों में खो खो , रस्सी कूद, लंबी कूद, स्लो साइकिल की आदि गतिविधियां कराई गई एवं उमंग दिवस पर आए हुए अतिथियों द्वारा और भी अन्य प्रतियोगिताएं नृत्य गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, उमंग दिवस से संबंधित चर्चा, उमंग का महत्व जीवन में क्या होता है इसके विषय में व्याख्यान दिए गए व्याख्यान दिए गए। संस्था के प्राचार्य जीएस ठाकुर द्वारा लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ,उपाध्यक्ष राजेश मीणा, अजीत सेठी सुरेश अग्रवाल , उमाकांत मीणा , श्रमित गोलछा , देवी सिंह राजपूत तथा पुलिस थाना माखन नगर से थाना प्रभारी मदन पवार तथा उनके साथी कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चोंके कार्यक्रम की सराहना कर उनके उज्जवलभविष्य की कामनाकी स्वास्थ्यय विभाग से आशा पर्यवेक्षक संध्या कुशवाहा तथा मनीषा मेहरा आशा उपस्थित हुई। ग्राम राम सिंपल से वरिष्ठ समाजसेवी आरडी मीना ,इंद्र सिंह मीणा तथा पालक उपस्थित हुए, तथा संस्था से शिक्षक आशिक खान, शेर सिंह यादव, दीपक इंगले, हेमलता रमन, शोभा परते, मनोज उपाध्याय वीरेंद्र राजपूत लोकेश अहिरवार सतीश पाल जितेंद्र कुमार सैनी जितेंद्र कुमार सैनी लोकेश राजपूत सुभावना सोलंकी खेल शिक्षक तथा शाला के विद्यार्थी उपस्थित हुए कार्यक्रम समापन के बाद शाला परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ जिसमें 10 पौधे लगाए गए तथा लायंस क्लब द्वारा शाला में उपस्थित विद्यार्थी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री तथा फल वितरित कर कार्यक्रम काा समापन किया गया।

### कला उत्सव में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं रहीं अव्वल

पिपरिया। सांदीपनि विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे ने बताया कि कला उत्सव के अंतर्गत समेकीत शिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाभी शामिल हुए। जिसमें पिपरियासे शिक्षिका मेघा वर्मा तथा राजेश शर्मा शिक्षक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय औरपिपरिया विकासखंडको गोर्बान्वितकिया है। इस अवसर पर शिक्षकसस्थान के सभी शिक्षकशिक्षिकाओ 15 अक्टूबर को होने वाली राज्यस्रीय समृद्धि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दोनों शिक्षक शिक्षकों के लिए शुभकामनाए दी। सांदीपनि विद्यालय के निर्माण करने वाले ठेकेदार के दारा इस परीक्षा सत्रमेंभी बिल्डिंग स्कूल को नहीं सोपी है। जिसके कारण छात्र छात्रा कॉलेजमे शरणार्थियों की तरह अपना समय गुजारा कर रहे हैं।

## सुख समृद्धि के लिए मातृशक्ति ने की मात महालक्ष्मी की पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में महिलाओं द्वारा अष्टमी पर्व पर महालक्ष्मी एवं हाथी पूजा कर परिवार की समृद्धि की कामना की इस । ज्ञात हो कि हाथी पूजा का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है पांडवों के 12 वर्षके वनवास काल के दौरान पांडवों की माता कुंती के महालक्ष्मी और हाथी पूजा करने की इच्छा जाहिर की थी तब उनके पुत्रों ने खांडवप्रस्थ वन को साफ करके इंद्र के वाहन ऐरावत हाथी को बुलाकर अपनी माता की हाथी पूजन की इच्छा को पूर्ण किया था तभी से महिलाओं द्वारा अपने परिवार की समृद्धि एवं की समृद्धि के लिए हाथी पूजा का प्रचलन प्रारंभ हुआ। आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन महिलाएं घर में फुलेरा बांधकर पकवान इत्यादि बनाकर हाथी पूजा करती है और अपने परिवार की समृद्धि की कामना करती हैं।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीके जन्मदिन कोलेकर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम के लिए बैठक का आयोजन कियागया। जिसमें मुख्य वक्ता राजोमालवीय विधायक ठाकुर दास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय महिला मोर्चाजिला यहां मंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक चंद्रेश कुमार सुजीत रघुवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम तय किया गया रक्त दान सहित अन्य सेवाएं प्रदान किए जाने पर विचार किया गया।

**इटारसी में पारंपरिक बाज़ारों को मिलेगी टक्कर**

# दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज़ पर बन रहा 'सिटी सेंटर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




इटारसी के शहरी परिदृश्य में जल्द ही एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यहां का व्यापार अब तक परंपरागत बाज़ारों और दुकानों पर निर्भर था, लेकिन अब दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज़ पर एक नया और आधुनिक कमर्शियल हब आकार ले रहा है। स्टेशन के पास प्राइम लोकेशन पर बन रहा यह 'सिटी सेंटर' जल्द ही शहर को समर्पित हो जाएगा, जो न केवल व्यापार की नई परिभाषा लिखेगा बल्कि निवेश और खरीदारी का भी केंद्र बनेगा। यह प्रोजेक्ट पारंपरिक बाज़ारों को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है, क्योंकि यह आधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यापारिक माहौल के साथ आ रहा है। यह पूरी तरह से G+2 प्रीमियम ग्लास बिल्डिंग के रूप में तैयार हो रहा है, जो हर ब्रांड को शानदार विजिबिलिटी देगा।यहां व्यापार करने वालों के लिए कई फायदे हैं, जिन पर निवेशकों और व्यापारियों का ध्यान जा रहा है। यह उनके लिए सबसे बेहतर विकल्प है जो पारंपरिक व्यापारिक तरीकों से हटकर आधुनिक और भविष्योन्मुखी व्यापारिक माहौल में कदम रखना चाहते हैं।

#### जानिए क्यों है सिटी सेंटर खास

- व्यापक पहुच और सुविधाजनक आवागमन: यह 40 फीट चौड़ी रोड और वाइड पार्किंग की सुविधा के साथ बन रहा है, जिससे ग्राहकों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।
- तेजी से बढ़ता कमर्शियल हब: यह क्षेत्र तेजी से एक व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, जिससे यहाँ निवेश भविष्य के लिए फायदेमंद होगा।
- असपास बड़ा आवासीय बेस: प्रोजेक्ट के चारों ओर एक बड़ा रेसिडेंशियल बेस है, जो हर वक्त ग्राहकों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगा।
- बेहतर रेंटल इनकम और ऊंचा रिटर्न: आधुनिक डिज़ाइन, बेहतर सुविधाओं और प्राइम लोकेशन के कारण यहाँ दुकानों का किराया (रेंटल इनकम) अधिक होगा, जिससे निवेशकों को ऊँचा रिटर्न मिलेगा।
- निवेशकों के लिए बेहतर अवसर
- यह सिटी सेंटर न केवल इटारसी के बाजार को आधुनिक रूप देगा, बल्कि यह शहर के लिए एक नया लैंडमार्क भी बनेगा। यह उन निवेशकों और व्यापारियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है।

### खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है।

## ब्लॉक कांग्रेस ने किया कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्लाक कांग्रेस सोहागपुर द्वारा रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे और जिला किसान कांग्रेस बाबू चौधरी का सम्मान किया गया। बाबू चौधरी ने अपने संबोधन में कांग्रेस में नवाचार करने पर जोर दिया गया। वहीं गुड्डन पांडे ने कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही गई। पुष्पराज पटेल ने आगामी नगरीय चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा। अभिलाष चंदेल ने भी कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राममूर्ति पटेल, राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रताप सिंह पटेल, लक्ष्मी नारायण सोनी, विनोद साहू, मंगल सिंह रघुवंशी, गोविंद साहू, चंद्रकांत चौरसिया, अभिलाष चंदेल, मेहरबान सिंह पटेल, कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह रहे। आभार प्रशांत जायसवाल ने किया।

## खबर संक्षेप



### समझाइश के बाद जीवन शांतिपूर्ण व्यतीत करने का लिया निर्णय

**हरदा।** शनिवार को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में समझाइश के बाद पति-पत्नी दोनों ने आगामी जीवनशांतिपूर्ण तरीके से व्यथित करने का निर्णय लिया। आवेदिका (पत्नि) और अनावेदक (पति) की शादी मुस्लिम रीति-रिवाज अनुसार दिनांक 18 जून 2019 को ग्राम पिडगांव से सम्पन्न हुई थी। दोनों के वैवाहिक संबंध से 2 लड़कियां पैदा हुई, जिनकी उम्र क्रमशः 3 वर्ष और 6 माह है। पति, पति के परिवार एवं पत्नी के बीच में वैचारिक मतभेद होने से पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। पत्नी ने स्वयं एवं अपनी पुत्रियों के भरण-पोषण हेतु प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, हरदा के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। पति की उपस्थिति पश्चात पीठासीन अधिकारी सुधीर कुमार चौधरी प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय की कुशल समझाईश के परिणामस्वरूप पति-पत्नि अपनी पुत्रियों सहित साथ में रहने के लिए राजी हुए। उन्होंने मेल-मिलाप कर आगामी जीवन शांतिपूर्ण व्यतीत करने का निर्णय लिया। इस प्रकार उभयपक्ष के मध्य आपसी सहमति से बिना किसी भय अथवा दबाव के प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की गई। प्रकरण के निराकरण में अधिवक्ता अखिलेश राठौर, संजय पाराशर व पैरालीगल वॉलेंटियर सायरा खान की सराहनीय भूमिका रही।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा।

हिंदी दिवस पर प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किए

# भाषा का महत्व नदी के उस प्रवाह की तरह होता है जिसकी अपनी निर्मलता है: गार्गव

**हरदा।**

हमारे जीवन में भाषा का महत्व नदी के उस प्रवाह की तरह होता है जिसकी अपनी निर्मलता है ,अपना बेग है। अपना विस्तार है, लेकिन नदी जब अपने अनुप्रवाह क्षेत्र में आगे बढ़ती है तो किनारे की बस्तियों और तटबंधों से उसमें बहुत कुछ आकर मिल जाता है। हिंदी के साथ भी यही हो रहा है। हिंदी की प्राणधारा उसकी मौलिकता है अंग्रेजी और अन्य भाषाओं के प्रयोग से हिंदी प्रदूषित हो रही है। उक्त विचार राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की हरदा जिला इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं स्व. एन. पी. चौबे स्मृति सम्मान समारोह में सुप्रसिद्ध समाजसेवी और लोकप्रिय चिकित्सक डॉ. एन डी गार्गव ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रकट किये। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा में अनुवाद की परंपरा उसकी मौलिकता को नष्ट करती है। भाषा का अनुवाद हो सकता है लेकिन विचारों और भावनाओं का नहीं। डॉ विनीता रघुवंशी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारा आत्मबोध और आत्मसंयम हिंदी से ही संभव है। हमारी भाषायी संस्कारों में हिंदी के स्थान पर अन्य भाषाओं की खिचड़ी का प्रयोग करके हम अपनी भाषा से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रवीण जैसानी ने विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को स्मरण करते हुए स्वर्गीय एन पी चौबे के अनुशासन उनके अध्यापन के साथ एक अनुशासनप्रिय और आदर्श गुरु के रूप में विद्यार्थी जीवन के संस्मरणों को साझा किया और कहा कि इस तरह के आयोजन किसी भी नगर और समाज के लिए आदर्श




### 4 विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया

हिंदी दिवस पर हिंदी के प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल द्वारा 4 विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें काव्यपाठ, चित्रांकन से शब्दांशन , भाषण , एवं एकल लोकगीत प्रतियोगिता शामिल रही। भाषण में शिवम राजपूत प्रथम मीनल गुर्जर द्वितीय महक पटेल तृतीय लोकगीत गायन में अन्तिमा सेजकर प्रथम तनुश्री सोनी द्वितीय और समर्थ मालवीय तृतीय, शब्दांकांक्षी चित्रांकन प्रतियोगिता में सिद्धि चौबे प्रथम अर्पिता धुर्व द्वितीय आनंदी गौर तृतीय तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रियांशी पांडे प्रथम और नमामि ऊपरीत द्वितीय रहे। विजेता प्रतिभागियों को 500 की प्रथम 400 देती 300 तृतीय नगद पुरस्कारों के अतिरिक्त ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। हिंदी के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के जिला संयोजक एवं स्वर्गीय एन.पी चौबे की स्मृति में ज्ञानेश चौबे द्वारा विशिष्ट कार्य करने वाले सिंधु कोटवाला को कमलादेवी चौबे सम्मान एवं प्राचार्य तक्षशिला अकादमी बृजेंद्र शर्मा को स्व.सुधा चौबे सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता संयोजक लायन अंजू भायरे ने एवं आभार प्रदर्शन विक्रांत अग्रवाल ने किया। लायंस क्लब हरदा सिटी और संभावना विचार मंच के सहयोग से संपन्न इस कार्यक्रम में प्रो. एल. एन. पाराशर, रजनीश शर्मा ,अशोक नेगी, लायन रामशंकर मुकाती ,अनिल अग्रवाल ,प्रमोद चौबे ,कैलाश चतुर्वेदी, दुर्गेशनंदन शर्मा बृजमोहन पारे, दीपक शर्मा, त्रिलोक शर्मा, शोभा बाजपेई राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजेंद्र उपाध्याय, मीरा शर्मा सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

खंडवा जिले में जर्जर हो चुकी सड़कों पर जनता का गुस्सा फूटा

# सड़कों की बदहाली को लेकर निकाली 45 किमी लंबी पथ अधिकार यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले में जर्जर हो चुकी सड़कें आम जनता के लिए मुसीबत बन गई हैं। खासकर खंडवा-मूंदी रोड व खंडवा-पंधाना मार्ग पर लंबे समय से सड़कों की बदहाली के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर रविवार को सर्व समाज ने संत सिंगाजी समाधिस्थल से खंडवा तक 45 किलोमीटर लंबी पथ अधिकार यात्रा निकाली। इसमें करीब 6000 लोग शामिल हुए। सभी ने पहले 35 किलोमीटर तक अपने निजी वाहन या ट्रैक्टर में यात्रा की, उसके बाद दोपहर भोजन के बाद पैदल होकर करीब 10 किलोमीटर का सफर तय किया। यात्रा का समापन कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने के साथ हुआ, जिसमें सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई। करणी सेना प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर भी इस यात्रा में शामिल हुए। करणी सेना ने पूरे आयोजन का नेतृत्व किया और महीनेभर से प्रचार-प्रसार में जुटी थी। यात्रा की शुरुआत संत सिंगाजी समाधिस्थल से पूजन-अर्चन के साथ हुई। यह यात्रा सिंगाजी से बीड़, मोहद, मूंदी, केहलारी, तलवड़िया, जावर, सिहाड़ा होते हुए खंडवा पहुंची। यात्रा के दौरान करीब 400 गांवों के लोग अपनी-अपनी ट्रैक्टर व निजी वाहनों से पहुंचे। जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया और मंच लगाकर कार्यक्रम आयोजित किए। साथ ही जेसीबी मशीनों से फूल बरसाकर जनहित में संघर्ष का प्रतीक स्वरूप इसका समर्थन किया गया।





### यह फाइल दो साल से अटकी पड़ी है

जानकारी के अनुसार, विश्व बैंक परियोजना के तहत खंडवा-मूंदी रोड के निर्माण के लिए लगभग 150 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत हुई थी। डीपीआर तैयार हो चुकी थी और अगस्त 2023 में टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, लेकिन यह फाइल दो साल से अटकी पड़ी है। सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिलने के बावजूद कोई हल नहीं निकाल पाए। अब सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। जनता का कहना है कि अगर सरकार जल्द ध्यान नहीं देती तो इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे।

सुबह 8 बजे से किया जाएगा वितरण

# किसानों को कल करेंगे यूरिया उर्वरक का वितरण

**हरदा।** वर्ष 2025-26 में कृषको को सुगमता से यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु सेवा सहकारी समितियों में उर्वरक भंडारित कराया गया है। उपसंचालक कृषि जे. एल. कास्दे ने बताया कि किसानों को उर्वरक का वितरण 16 सितंबर को प्रातः 8 से किया जाएगा। उपसंचालक कास्दे ने बताया कि किसानों को सुगमता से यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सेवा सहकारी समिति अबगाँवकला 22 मीट्रिक टन, अबगाँवखुर्द 22 मीट्रिक टन, भुवनखेडी 22 मीट्रिक टन, खेडा मीट्रिक टन , मांगरुल 22 मीट्रिक टन, मसनगाँव 22 मीट्रिक टन , नांदरा 22 मीट्रिक टन, नीमगाँव 22 मीट्रिक टन, पलासनेर 22 मीट्रिक टन, रुपिपरेटिया 22 मीट्रिक टन, सोनतलाई 22 मीट्रिक टन, गोंदागाँवकला 22 मीट्रिक टन, गोंदागाँवखुर्द 22 मीट्रिक टन, पोखरनी 22 मीट्रिक टन, आलमपुर 22 मीट्रिक टन, रहटगांव 22 मीट्रिक टन, टेमागाँव 22 मीट्रिक टन, राजाबरारी 22 मीट्रिक टन, रवांग 22 मीट्रिक टन, सोडलपुर 22 मीट्रिक टन, छीपाबड 22 मीट्रिक टन, बेड़ियाकला 22 मीट्रिक टन, डेडगाँव 22 मीट्रिक टन, मोरगडी 22 मीट्रिक टन, पटाल्दा 22 मीट्रिक टन में भंडारित कराया गया है कृषक भाई पैक्स समिति के नियमित सदस्य पात्रतानुसार यूरिया उर्वरक क्रय कर सकते है।

विपणन संघ के गोदाम हरदा 100 मीट्रिक टन, टिमरनी 125 मीट्रिक टन, छीपाबड 75 मीट्रिक टन, विपणन संघ के गोदाम टिमरनी उपकेन्द्र - रहटगाँव 95 मीट्रिक टन, विपणन समिति हरदा 70 मीट्रिक टन विपणन समिति उपकेन्द्र -सिराली 75 मीट्रिक टन, एम.पी. एग्रो हरदा 110 मीट्रिक टन से जिला प्रशासन की निगरानी में वितरण किया जायेगा। साथ ही जिले के निजी विक्रेताओ अंकित कृषि सेवा केन्द्र छिदगांवमेल 25 मीट्रिक टन, अंकित कृषि सेवा केन्द्र टिमरनी 24 मीट्रिक टन, जय गुरू कान्हा बाबा सोडलपुर 22 मीट्रिक टन, गजानंद कृषि सेवा केन्द्र करताना 22 मीट्रिक टन, गोपाल ट्रेडर्स सिराली 25 मीट्रिक टन, हार्दिक एजेन्सी कृषि सेवा केन्द्र हरदा 20 मीट्रिक टन, हिन्द खाद भंडार टिमरनी 45 मीट्रिक टन, इफको बाजार सिराली 22 मीट्रिक टन, अग्रवाल अभिकरण टिमरनी 20 मीट्रिक टन, मंगलम ट्रेडर्स रहटगांव 22 मीट्रिक टन, जय गुरू कान्हा बाबा टिमरनी 55 मीट्रिक टन, अग्रवाल कृषि सेवा केन्द्र हंडिया 42 मीट्रिक टन, माहेश्वरी सेल्स सिराली 45 मीट्रिक टन, मेकलसुता कृषि सेवा केन्द्र हंडिया 22 मीट्रिक टन, न्यू उत्तम कृषि बाजार करताना 22 मीट्रिक टन, पालीवाल कृषि सेवा केन्द्र मोरगढी 24 मीट्रिक टन, पाटिल कृषि सेवा केन्द्र रहटगांव 24 मीट्रिक टन, राजपूत एग्रो सिराली 25 मीट्रिक टन , संस्कृति एग्रो एजेन्सी करताना 25 मीट्रिक टन, स्वर्णा एग्रो क्लिनिक टिमरनी 25 मीट्रिक टन, विकास एग्रो टिमरनी 22 मीट्रिक टन, व्यास कृषि सेवा केन्द्र हरदा 25* के यहाँ से कृषि विस्तार अधिकारी की निगरानी में यूरिया उर्वरक का वितरण कराया जायेगा। उपसंचालक कास्दे ने जिले के कृषक भाइयो से अनुरोध किया है कि उर्वरक वितरण केंद्र पर अपना स्वयं का आधारकार्ड एवं ऋणपुस्तिका के साथ उपस्थित होकर उर्वरक प्राप्त करे एवं जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करें।

ऑनलाइन ठगी का मामला

# पैसे दोगुना करने के लालच में युवक ने 1.46 लाख रुपए ठगों को भेजे, दोनों गिरफ्तार

**खंडवा।** खंडवा जिले के नर्मदानगर में ऑनलाइन ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पैसे दोगुना करने के लालच में युवक रविंद्र यादव अपने ही गांव के ठगों के जाल में फंस गया। दुर्गेश जायसवाल उर्फ प्रदीप और सोनू खैरनार उर्फ ललित नामक दो आरोपियों ने व्हाट्सएप लिंक भेजकर और फोन पे के माध्यम से कुल 1,46,500 रुपए ठग लिए। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई। फरियादी रविंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि दुर्गेश जायसवाल और सोनू खैरनार ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर रुपए दोगुना करने का लालच दिया। इसके बाद छह बार अलग-अलग तारीखों में फोन पे के माध्यम से दोनों के मोबाइल नंबर पर कुल 1,46,500 रुपए भेजे गए। जब युवक ने वापस पैसे मांगें तो दोनों ने लिंक डिलीट कर दिए और रुपए वापस नहीं किए। पुलिस ने बताया कि यह ठगी दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच की गई थी। पुलिस ने मामला बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत दर्ज किया और आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दुर्गेश जायसवाल और सोनू खैरनार को जमानत प्रदान कर दी।



पुलिस ने विशेष रूप से बताया कि दुर्गेश जायसवाल पिछले दस वर्षों से ऑनलाइन सट्टे के कारोबार में सक्रिय है। एक छोटे व्यवसाय से शुरुआत करने वाले दुर्गेश ने अब करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन चुका है। पुलिस ने चेताया है कि यदि विस्तृत जांच की जाए तो नर्मदानगर की युवा पीढ़ी को ऑनलाइन सट्टे ठगी से बचाया जा सकता है।

खेल एवं युवा कल्याण व सामाजिक बंधुओं ने दी खेल सामग्री

# शतरंज खेलने से एकाग्रता बढ़ती है: कलेक्टर जैन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के द्वारा चौथे चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन रविवार को नालेज पब्लिक स्कूल टिमरनी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने कहां कि टिमरनी जैसी जगह में भी इतने उत्साह के साथ प्रतियोगियों ने भाग लिया यह बहुत हर्ष की बात है। प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। वहीं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शतरंज खेल में खिलाड़ियों की रुचि और प्रतिभा को देखते लेक्टर सिद्धार्थ जैन के द्वारा जिला चेस एसोसिएशन को चेस खेल सामग्री में 50 चेस मेट , 50 नग़ चेस की गोटी एवं 50 नग़ टाइमर वॉच प्रदान की गई। टिमरनी से सचिन दुबे के द्वारा 20 चेस सेट एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विनोद बंसल के द्वारा 15 चेस सेट एसोशिएशन को प्रदान करने पर उन्हें एसोशिएशन ने धन्यवाद प्रेषित किया।

### चेस प्रतियोगिता में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया

चेस प्रतियोगिता में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के 61 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 27 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक जैन, सचिव पी.सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष, सत्यम बंसल, विनोद उपाध्याय, श्री रामनिवास जाट, राजेश गौर, मनीष प्रजापति, हीना खान, नालेज पब्लिक स्कूल के डायेरेक्टर अंकुश अग्रवाल, चंचिलिका अग्रवाल , प्रिंसिपल माधुरी तिवारी , वाईस प्रिंसिपल वैभव जाधम , बृजेश तिवारी, गजेन्द्र ताम्बुलकर सहित बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू व रहटगांव तहसीलदार देव शंकर धुर्वे ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता में अण्डर 15 वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी रणसूरमा , द्वितीय स्थान रजित चौहान , तृतीय स्थान अथर्व धनवारे , चतुर्थ स्थान निखिल बैरागी , पंचम स्थान ईशान तिवारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में प्रथम स्थान गौरव मिश्रा , द्वितीय स्थान अनुराग गौर , तृतीय स्थान दिलिप कुमार , चतुर्थ स्थान काजी सद्दाम पठान , पंचम स्थान सिद्धार्थ जैन ने प्राप्त किया। साथ ही आभार रमाशंकर ज्योतिषी ने माना ।

उपभोक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

# स्मार्ट मीटर से परेशानियां बढ़ीं, जताया गया विरोध



**खंडवा।** नगर में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद से विद्युत मीटर में गड़बड़ी की शिकायतें लगातार उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज की जा रही हैं। लेकिन अगस्त माह का बिल मात्र 5 दिनों के बाद ही 1 सितंबर को जारी कर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया। इस पर सद्भावना मंच के सदस्य, संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में विद्युत मंडल कार्यपालन यंत्री बीएम गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सहायक यंत्री और कहारवाडी फ्यूज कॉल सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा फोन नहीं उठाने की गंभीर शिकायत की गई। इस पर कार्यपालन यंत्री बीएम गुप्ता ने तुरंत निर्देश दिए कि सभी संबंधित कर्मचारियों को उपभोक्ताओं से शालीनता पूर्ण व्यवहार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी शिकायतें न आएं। हाल ही में कंपनी कर्मचारियों के साथ हुई एक घटना पर खेद व्यक्त करते हुए प्रमोद जैन ने विद्युत उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर निर्मल मंगवानी ने जानकारी दी कि मंच के साथ प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, गणेश भावसार मौजूद रहे।

पंधाना विधायक ने तिरुपति में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में भाग लिया

# महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मजबूत करने कदम उठाएं: मोरे

**खंडवा।** तिरुपति में संसदीय एवं विधायी समितियों का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन महिला सशक्तीकरण पर आयोजित हुआ। 15 सितंबर को भी सम्मेलन जारी रहेगा। इस प्रभावशाली आयोजन में देशभर से मुख्यमंत्री और राज्यपाल और विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की महिला सशक्तीकरण समितियों के अध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए। पंधाना विधायक छाया मोरे ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लेकर महिला सशक्तीकरण के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। छाया मोरे महिला एवं बाल विकास की विधानसभा स्तरीय समिति की सदस्य भी हैं। उन्होंने सम्मेलन में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु अनुभव आधारित सारगर्भित सुझाव प्रस्तुत किए।सम्मेलन के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा उपसभापति, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तथा स्मरणिका का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष द्वारा किया गया। सम्मेलन में जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग व उभरती प्रौद्योगिकियों के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया। विधायक छाया मोरे ने समान अवसरों की आवश्यकता पर बल देते हुए



महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में राज्य और केंद्र स्तर पर ठोस कदम उठाने की बात कही। सम्मेलन के समापन सत्र में राज्यपाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी गणमान्य अतिथियों ने श्रीकालहस्ती मंदिर में विशेष दर्शन किए।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विविधता की झलक दिखाई गई तथा सभी अतिथियों के लिए भोज और सत्कार का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पसम्मेलन में शामिल होना प्रदेश की महिलाओं के सशक्तीकरण को नई दिशा देने का संदेश बनकर उभरा।

15 दिवसीय विशेष अभियान में कार्रवाई

# 590 वाहन चालकों पर जुर्माना व विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज

**खंडवा।** प्रदेश स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती दर को कम करने एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 08 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में व्यापक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में दिनांक 13.09.2025 को कुल 590 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग करते वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, गलत साइड वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस व बिना परमिट वाहन चलाने जैसे उल्लंघन पाए गए। इस कार्रवाई में समन शुल्क के रूप में कुल 2,25,400 वसूल किए गए। उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। सट्टा एक्ट व अवैध शराब प्रकरण में भी कार्यवाही की गई। थाना पदमनगर क्षेत्र में अनिकेत निवासी संजय नगर खंडवा के कब्जे से सट्टा पर्चियां व नगदी 540 बरामद की गई। थाना खालवा में सुंशान्त निवासी पांगरा के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जिसकी कीमत 1,350 बरामद की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट व आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।